Dear students

I hope you and your loved ones are safe and comfortable in these challenging times. We all understand that the entire world is grappling with the Coronavirus pandemic. In our country, the steps taken nationwide towards controlling and preventing the spread of this virus has brought us all together in this fight against Coronavirus.

In complying with the country's lockdown guidelines, we are ensuring not only our safety but also that of others in the society. We should all conduct ourselves as responsible citizens of the country and follow all measures to promote health and safety around us.

The recent changes in our approach towards academics, especially the shift to online resources and methods to maintain continuity of teaching-learning process, is aimed at safeguarding the academic welfare of our students and the productivity of their academic year. I hope all students are attending their online classes regularly and making extensive use of all available online resources. The college website is accessible for all links for e-content uploaded for different papers of all disciplines and streams. In addition to this the college through its faculty has also shared multiple links to access different national and international libraries for e-content access. As we embrace this new direction of online education due to the current need of time, I encourage all my students to look at this experience as enriching and interesting.

We are awaiting the revised academic calendar and the examination schedule which would be released shortly by the UGC. I request all my students, hence, not to be apprehensive while we wait for the official information about the same. The students may visit AICTE portal to update themselves about online courses to enhance their varied skills. The Short Term Courses committee of the college is also working in this direction. We would shortly be sharing a list of few such relevant courses with our students.

Besides academic involvement, I also recommend to you all to spend some time on spiritual growth and personal introspection, keep yourself physically fit and agile and enable yourself to emerge stronger, both in body and mind. Connect with your family members and spend quality time with your elders.

I am hopeful that till the time we meet again in college, you all will remain positive and cheerful.

STAY HOME STAY SAFE

Dr. Haritma Chopra

Principal, Maitreyi College

प्रिय विद्यार्थी !

मुझे आशा है कि इन चुनौतीपूर्ण समय में आप और आपके आत्मीयजन सुरक्षित एवं सकुशल होंगे। हम सभी यह भलीभाँति जानते हैं कि पूरी दुनिया कोरोनावायरस रूपी महामारी से जूझ रही है। हमारे देश में, इस वायरस के प्रसार को नियंत्रित करने और रोकने के लिए राष्ट्रव्यापी कदम उठाए गए हैं, जिसने हम सभी को कोरोनावायरस के खिलाफ इस लड़ाई में एकजुट किया है।

देश के लॉकडाउन दिशानिर्देशों के अनुपालन में, अपनी तथा समाज के अन्य लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने में हम अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। हम सभी को देश के एक जिम्मेदार नागरिक की तरह आचरण करना चाहिए और हमारे आसपास स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए जरूरी सभी उपायों का अनुपालन भी अवश्य करना चाहिए।

वर्तमान हालात के मद्देनज़र शिक्षा के प्रचार-प्रसार के माध्यम में यत्किंचित् जो बदलाव किया जा रहा है, और ऑनलाइन संसाधनों और शिक्षण-प्रशिक्षण की प्रक्रिया की निरंतरता को बनाकर ज्ञान-प्रदान करने की जो कोशिश की जा रही है, उसका प्रमुख उद्देश्य, अपने छात्रों के शैक्षणिक कल्याण और उनके शैक्षणिक उन्नति की सुरक्षा करना है। मुझे आशा है कि महाविद्यालय की सभी छात्राएं नियमित रूप से अपनी ऑनलाइन कक्षाओं में भाग ले रही हैं और ऑनलाइन उपलब्ध सभी संसाधनों का विधिवत् उपयोग भी कर रही हैं। महाविद्यालय की वेबसाइट पर सभी विषयों और पाठ्यक्रमों के विभिन्न प्रश्नपत्रों के लिए अपलोड की गई ई-सामग्री के लिंक भी सभी छात्राओं के लिए सुलभ हैं। इसके अलावा महाविद्यालय ने अपने अध्यापकों के माध्यम से ई-कंटेंट एक्सेस करने एवं विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुस्तकालयों तक ऑनलाईन पहुंचने के लिए कई महत्त्वपूर्ण लिंक भी साझा किए हैं। वर्तमान हालात में अपनी अध्ययन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मैं अपने सभी छात्राओं को ऑनलाइन शिक्षा की इस नयी प्रक्रिया में दिलचस्पी बढ़ाने एवं इसे पूरे मनोयोग से अपनाने का आह्वान करती हूँ।

हमें संशोधित शैक्षणिक कैलेंडर और परीक्षा कार्यक्रम का इंतजार है, जिसे यूजीसी द्वारा शीघ्र ही जारी किए जाने की संभावना है। मैं अपने सभी छात्राओं से अनुरोध करती हूँ, बिना किसी अनावश्यक आशंका अथवा परेशानी के आधिकारिक सूचनाओं के जारी होने का इन्तजार करें। इससे सम्बन्धित अप्रामाणिक सूचनाओं से परेशान कथमपि न हों। इसके अलावा छात्राएं अपने विभिन्न कौशल को बढ़ाने तथा

ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के बारे में अपडेट के लिए AICTE की पोर्टल पर भी जा सकती हैं। कॉलेज की शॉर्ट टर्म कोर्सेज कमेटी भी इस दिशा में निरन्तर काम कर रही है। हम जल्द ही अपनी छात्राओं के साथ कुछ ऐसे प्रासंगिक पाठ्यक्रमों की सूची भी साझा करेंगे।

शिक्षा में सक्रिय भागीदारी के अलावा, मैं आप सभी छात्राओं को आध्यात्मिक विकास और व्यक्तिगत आत्मनिरीक्षण हेतु भी कुछ समय निकालने की सलाह देती हूँ। अपने आप को शारीरिक रूप से स्वस्थ और स्फूर्त रखें साथ ही शरीर और दिमाग दोनों को मजबूत बनाने का प्रयास करें। इस विकट परिस्थिति में अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ जुड़ें रहें और अपने बड़ों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय ब्यतीत करें।

मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि जब हम कॉलेज में फिर से मिलेंगे, तब तक आप सभी सकारात्मक एवं प्रसन्नचित्त रहने का प्रयास करेंगी।

घर में रहें ! सतर्क रहें !! सुरक्षित रहें !!!

मंगलकामनाओं सहित

डॉ. हरित्मा चोपड़ा

प्राचार्या, मैत्रेयी महाविद्यालय।